**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 17.07.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत आज जयपुर संभाग में लगाये गये करीब दस लाख पौधे–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में किया पौधरोपण।**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की समग्र उन्नति का आकलन केवल भौतिक विकास से नहीं, बल्कि नागरिकों में मानवीय मूल्यों और विचारों की समृद्धता से होता है।**

- **प्रदेशभर में आज मोहर्रम के पर्व पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को अकीदत के साथ किया जा रहा है याद।**

- **राज्य में विभिन्न स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी–अगले दो–तीन दिन में दक्षिणी राजस्थान में मॉनसून की सक्रियता के आसार।**

00000

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में पौधरोपण किये जा रहे है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग की ओर से आज जयपुर संभाग में सिर्फ तीन घंटे में ही करीब 10 लाख पौधे लगाए गए। संभागीय आयुक्त डॉ. आरूषि मलिक ने बताया कि पौधरोपण के बाद पौधे की सार संभाल की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों को दी गई है।

......

बालोतरा जिले में भी आज जिला परिवहन कार्यालय सहित कई स्थानों पर पौधे लगाए गए।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के एक दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने ''**एक पेड़ मां के नाम** अभियान'' के तहत कोटा के वल्लभबाड़ी में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में श्री बिरला ने उपस्थित लोगों से मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि कोटा जीवंत शहर है। यहां पर लोग सामाजिक, राजनीतिक रूप से भी जागृत हैं। अब पर्यावरण के प्रति भी जागरूकता बढ़ानी है। उन्होंने कहा कि कोटा व बूंदी जिले में 11 लाख पौधे लगाये जायेंगे। श्री बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को रोकने के लिए हमे जीवन शैली को पर्यावरण के अनुरूप बनाना होगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की समग्र उन्नति का आकलन केवल भौतिक विकास से ही नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों में मानवीय मूल्यों और विचारों की समृद्धता से भी होता है। श्री शर्मा ने आज डीडवाना–कुचामन जिले के लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती में विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों के उत्थान एवं विकास में संतों का महान योगदान रहा है। भारत भूमि ने ऐसे लोगों को जन्म दिया है जो युग के साथ नहीं बहे बल्कि युग को अपने बहाव के साथ ले गए। आचार्य श्री तुलसी ऐसे ही महापुरूष थे। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के जरिये मानव धर्म का व्यावहारिक स्वरूप लोगों के सामने रखा तथा समाज को अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रह से मुक्त किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

00000

जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनू जिले के दोनों जवानों का राजकीय सम्मान के साथ आज उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। जवान विजेन्द्र सिंह की अन्त्येष्टी उनके पैतृक गांव डुमोली कलां में हुई, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी। वहीं अजय सिंह का अंतिम संस्कार भैंसावता कलां में किया गया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मौजूद रहे।

0000

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के युवा भविष्य के नीति निर्माता है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा और राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार विजेताओं से संवाद किया। इस दौरान श्री मांडविया ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की बदलाव लाने की क्षमता से देश प्रगति

और नवाचार की ओर अग्रसर होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पुरस्कार विजेता युवाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और मेरा युवा भारत मंच को और अधिक उपयोगी बनाने पर चर्चा करना था।

0000

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से 12 अगस्त तक चलेगा। केन्द्रीय बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

00000

हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आज मुहर्रम पर प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। राज्य के विभिन्न स्थानों पर ताजियों के जुलुस निकाले जा रहे है। शाम को उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। राजधानी जयपुर में करीब साढे तीन सौ छोटे–बड़े ताज़िये बनाए गए हैं। ये ताज़िये जुलूस के साथ बड़ी चौपड़ से होते हुए देर शाम तक करबला पहुंचेंगे। प्रशासन ने कानून और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आर.ए.सी. की छह कम्पनियां लगाई गई हैं। जोधपुर में भी मोहर्रम का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। नीम का थाना के पाटन में मोहर्रम का जुलूस मातमी धुनों के साथ निकाला गया। चूरू में भी ताजिये निकाले जा रहे है। इस दौरान मार्ग में कई स्थानों पर पीने के पानी के लिए छबील लगाई गई है। बूंदी और बालोतरा में मुस्लिम समुदाय ने हजरत इमाम हुसेन की शहादत की याद में मातमी धुनों के साथ ताजिए निकाले। इस दौरान मातमी धुनों के साथ युवाओं ने करतब भी दिखाए।

00000

देव शयनी एकादशी के अवसर पर आज प्रदेश में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर पुष्कर के पवित्र सरोवर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और उसके बाद मंदिरों में पूजा अर्चना की। वहीं कोटा जिले में देवशयनी एकादशी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना और दान पुण्य किया गया। जैसलमेर जिले में स्थित रामदेवरा में एकादशी के अवसर पर देश के विभिन्न भागों से आये श्रद्धालुओं ने बाबा की समाधि के दर्शन किये। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। बाबा रामदेव समाधि समिति की तरफ से श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन करवाने के लिए सभी इंतजाम किये गये थे। डूंगरपुर में वन यात्रा का आयोजन किया गया। शहर के वनेश्वर महादेव मंदिर से श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करते हुए अच्छी बारिश की कामना के साथ यात्रा निकाली। उल्लेखनीय है कि आज से परम्परानुसार चातुर्मास के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे शुभ काम बन्द हो जायेंगे।

.00000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मानसून की बारिश का दौर रूक–रूक कर जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 12 सेंटीमीटर बरसात बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ में रिकॉर्ड हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर संभागों में अनेक स्थानों पर और बीकानेर, जोधपुर संभाग में कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो–तीन दिन राजस्थान के दक्षिणी भागों में मानसून की सक्रियता बनी रहेगी।

00000

रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ ने पिछले 7 वर्षों में रेल्वे स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े 84 हजार 119 बच्चों को बचाया है। 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ ने भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में अभियान के रूप में इस सामाजिक कार्य को अंजाम दिया है। ये बचाव कार्य बच्चों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद आरपीएफ 5 हजार 11 बच्चों को बचाने में कामयाब रही।

0000

प्रदेश में अलग–अलग हादसों में तीन बच्चों सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। उदयपुर के फतहनगर क्षेत्र में आज दो बच्चों की बरसाती नाले में डूबने से मृत्यु हो गई। ये बच्चे अपने घर से खेत पर जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाल उपचार के लिए मावली अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं धौलपुर के गड़रपुरा गांव में पानी के कुंड में तीन बच्चे डूब गये। इनमें से दो बच्चों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि एक बच्चे की मृत्यु हो गई। झालावाड जिले के मोरियाखेड़ी ढाबला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मृत्यु हो गई।

0000